# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 19 मार्च, 2026/28, फाल्गुन, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 40**

----

### स्वीकृत पद

***3906 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में एम0बी0बी0एस0, एम0डी0, एम0एस0, डी0एन0बी0 व अन्य मेडिकल कोर्स के तहत डॉक्टरों के कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में हर वर्ष कितने डॉक्टर (एम0बी0बी0एस0/ पी0जी0) पास-आउट हो रहे हैं; उनकी प्लेसमेंट तथा रोज़गार सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; वर्तमान में प्रदेश में कितने डॉक्टर बेरोजगार हैं; ब्यौरा दें?

----

## आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टाण्डा

***3907 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, टाण्डा में मशीनरी के क्रय हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा उसमें से कितनी धनराशि किन-किन मशीनों के क्रय पर व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस महाविद्यालय में लिफ्ट सुविधा के सुधारीकरण/मरम्मत हेतु क्या-क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## पशु औषधालय

***3908 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने पशु चिकित्सालय एवं पशु औषधालय/डिस्पेंसरियां कार्यरत हैं तथा वे किन-किन जिलों में स्थित हैं;

(ख) इन पशु चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों, पशु सहायक स्टाफ एवं पैरा-मेडिकल कर्मियों के कितने पद स्वीकृत तथा रिक्त हैं; और

(ग) यह सत्य है कि रिक्त पदों को भरने हेतु भर्ती प्रक्रिया आरम्भ की जा चुकी है; यदि हां, तो अद्यतन स्थिति एवं समय-सीमा क्या है; ब्यौरा जिलावार एवं पदवार दें?

----

## धोखाधड़ी

***3909 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष, 2025 में प्रदेश में कितने किसानों ने अलग-अलग कंपनियों, व्यापारियों तथा आढ़तियों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज करवाए हैं; और

(ख) इनमें से कितने मामलों में वसूली हुई तथा अन्य मामलों की अद्यतन स्थिति क्या है; इस तरह के मामलों में सरकार एवं विभाग द्वारा कौन-कौन सी कार्रवाइयों का प्रावधान किया गया है?

----

## मल्टी टास्क वर्कर्ज

***3910 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण विभाग में रखे गए मल्टी टास्क वर्कर्ज का वेतन 5500/- रुपये प्रतिमाह व कार्य अवधि 4 घंटे है; यदि हां, तो क्या कारण हैं कि इन वर्कर्ज से 8 से 10 घंटे कार्य लिया जा रहा है; मल्टी टास्क वर्कर्ज की नीति की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) क्या सरकार इनकी कार्य अवधि को देखते हुए इनके वेतन में वृद्धि करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ; यदि नहीं, तो क्या सरकार इनकी ड्यूटी के समय को इनकी कार्य अवधि अर्थात 4 घंटे तक सीमित करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बी0एड0 कक्षाएं

***3911 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजा वीरभद्र सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीमा में कब तक बी0एड0 की कक्षाएं आरम्भ की जाएंगी?

----

## बांस पर वसूली शुल्क

***3912 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भारत सरकार द्वारा भारतीय वन अधिनियम, 1927 में संशोधन कर गैर-वन भूमि पर उगाए गए बांस को वृक्ष की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है व ऐसे बांस के कटान व परिवहन पर किसी प्रकार की वन अनुमति की आवश्यकता नहीं है; यदि हां, तो प्रदेश में वन विभाग द्वारा गैर-वन भूमि के बांस के परिवहन पर परमिट मांगना, बैरियरों पर रोकना तथा जब्ती की कार्रवाई करना किस कानून के तहत किया जा रहा है;

(ख) क्या यह कार्रवाई केंद्रीय कानून की अवहेलना, अनुच्छेद 301 के अंतर्गत व्यापार की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(g) के तहत आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है;

(ग) इस अवैध रोक-टोक के कारण कितने किसानों, कारीगरों तथा छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ है; सरकार इन्हें कब तक मुआवज़ा देने का विचार रखती है; और

(घ) क्या सरकार अधिसूचना जारी कर गैर-वन भूमि पर उगाए गए बांस के परिवहन पर सभी प्रकार की वन अनुमति, चैकिंग तथा जब्ती पर रोक लगाने का विचार रखती है; यदि

नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र

***3913 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक, सामुदायिक तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं;

(ख) इनमें चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के कुल कितने पद स्वीकृत, कितने भरे व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इन संस्थानों में गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक कितनी नई नियुक्तियां की गईं तथा कितने स्थायी व अस्थायी तौर पर कार्यरत है; ब्यौरा दें?

----

## एम0डी0आर0 संपर्क मार्ग

***3914 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) एम0डी0आर0 संपर्क मार्ग, जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग-7 से बांगरन–शिवपुर–सिंगपुरा–भगानी–खोदरी माजरी को जोड़ता है, की कुल लंबाई कितनी है; और

(ख) दिनांक 01 मार्च, 2023 से 31 जनवरी, 2026 तक इस मार्ग पर वार्षिक अनुरक्षण योजना (AMP) के अंतर्गत कितनी लंबाई में टारिंग का कार्य किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## चंदन के पेड़

***3915 श्री आशीष शर्मा (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के किसानों द्वारा उगाए गए चंदन के पेड़ों को बेचने हेतु कोई नीति बनी हुई है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इस हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## पुल निर्माण

***3916 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत शेगली ग्राम पंचायत के बागीपुल क्षेत्र का पुल जो प्राकृतिक आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त/बह गया था, उसके पुनर्निर्माण के संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) क्या इस पुल के पुनर्निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार किया जा चुका है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## एच0आर0टी0सी0डिपो, सरकाघाट

***3917 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम के सरकाघाट डिपो में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इस डिपो में कुल कितनी बसें स्वीकृत हैं तथा बसों की कमी को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## दूध खरीद

***3918 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में प्रतिदिन सरकारी एवं निजी उपक्रमों द्वारा खरीदे जा रहे दूध की मात्रा का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिदिन सरकारी एवं निजी उपक्रमों द्वारा कितना दूध खरीदा जा रहा है तथा प्रत्येक दुग्ध सहकारी समिति/दुग्ध संग्रहण केंद्रवार प्रतिदिन एकत्रित दूध की मात्रा क्या है;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने दुग्ध संग्रहण केंद्र/दुग्ध सहकारी समितियां पंजीकृत हैं,

जिनके माध्यम से ग्रामीणों से प्रतिदिन दूध खरीदा जा रहा है; प्रत्येक समिति/केंद्र का नाम व पते सहित ब्यौरा दें;

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने दुग्ध प्रसंस्करण एवं चिलिंग केंद्र कार्यरत हैं; इनकी भंडारण क्षमता, उपलब्ध सुविधाएं तथा इनसे संग्रहित दूध का वितरण किन स्थानों/ संस्थाओं को किया जाता है; और

(ङ) मिल्कफैड द्वारा इस निर्वाचन क्षेत्र में 01 नवम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक खरीदे गए दूध का भुगतान पशुपालकों को हुआ है या नहीं; केंद्रवार भुगतान का विवरण, विलंब के कारण तथा पशुपालक को प्रति लीटर प्रतिदिन के आधार पर प्राप्त मूल्य का ब्यौरा दें?

----

## खैर कटान

***3919 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जनवरी, 2026 तक मलकीयत भूमि में खैर के वृक्षों के 10 वर्षीय कटान चक्र (Working Plan) के अंतर्गत किन-किन वन बीटों को शामिल किया गया था; क्या यह वर्किंग प्लान संबंधित सभी बीटों में लागू किया गया है; यदि नहीं, तो जिन बीटों में इसे लागू नहीं किया गया है उनके नाम तथा कारणों का ब्यौरा दें; और

(ख) जिन बीटों में 10 वर्षीय कटान चक्र (Working Plan) लागू नहीं हो पाया है, वहां इसे कब तक लागू किया जाएगा?

----

## ड्रेजिंग / माइनिंग

***3920 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू जिला से होकर बहने वाली ब्यास नदी व बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बहने वाली इसकी सहायक खड्डों में ड्रेजिंग एवं माइनिंग हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं व क्या सरकार ने इस हेतु कोई नीति बनाई है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक के कार्यों का विवरण, संलग्न एजेंसियां/ठेकेदार, स्वीकृत व व्ययित धनराशि तथा वर्षवार प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा दें?

----

## दुकानों का आबंटन

***3921 श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नूरपुर ब्लॉक के अंतर्गत वर्ष 2014-15 में जसूर पंचायत में 29 दुकानों का निर्माण किया गया था; इन दुकानों को अभी तक आबंटित क्यों नहीं किया गया व इन्हें कब तक आबंटित किया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल / सिंचाई योजनाएं

***3922 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग मण्डल बड़सर में कितनी उठाऊ पेयजल व सिंचाई योजनाओं का कार्य चल रहा है; ब्यौरा नामवार दें;

(ख) विभाग द्वारा इन उठाऊ पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं का कार्य किस-किस तिथि को ठेकेदार को आबंटित किया गया व कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी; ब्यौरा योजनावार व स्थान के नाम सहित दें;

(ग) कौन-कौन सी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा कौन सी अधूरी हैं; इन हेतु कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है; जो योजनाएं पूर्ण नहीं हुई हैं उनका ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल तथा सिंचाई की कितनी योजनाएं हैं; ब्यौरा योजनावार दें; ये योजनाएं कब-कब बनी तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; वर्तमान में कौन-कौन सी योजनाएं बन्द पड़ी हैं; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चड़ासा

***3923 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला चड़ासा, ब्लॉक गैहरा का भवन निर्मित नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसके भवन निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## प्रशासनिक सुविधा

***3924 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.01.2026 तक मंत्रियों, विधायकों व हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों के वेतन, भत्तों, वाहन, आवास, यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक सुविधाओं पर कुल कितना व्यय किया जा रहा है; ब्यौरा मदवार दें?

----

## आर्थिक सहायता

***3925 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि श्री चिंतपूर्णी माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा गरीब लोगों के उपचार तथा निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु प्रदान की जा रही आर्थिक सहायता को माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में बंद कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस योजना को पुनः बहाल करवाने के लिए माननीय उच्च न्यायालय अथवा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी ताकि यह योजना पुनः आरम्भ की जा सके ; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

***3926 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक डी0आर0डी0ए0 (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण) कांगड़ा ने एन0आर0एल0एम0 (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत क्या-क्या कार्य किए हैं; इन कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय हुई है व इससे कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं; ब्यौरा विकास खंडवार दें?

----

## नागरिक अस्पताल, सलूणी

***3927 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नागरिक अस्पताल सलूणी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## आपदा से नुकसान

***3928 डॉ0 हंस राज (चुराह) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बीते मानसून प्रदेश में आई आपदा के नुकसान की भरपाई हेतु सरकार द्वारा क्या निर्णय लिए गए; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि जिला चम्बा में भारी वर्षा/मानसून के कारण लोगों के घरों, फसलों व संपत्ति को नुकसान हुआ है; यदि हां, तो सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को कितना मुआवजा दिया गया; यदि नहीं, तो कारण सहित विकास खंडवार ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कई गांवों में मानसून के कारण भारी नुकसान हुआ है; क्या सरकार ने इसके लिए मुआवजे का प्रावधान किया है; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(घ) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत चरड़ा के गांव भुलीन तथा ग्राम पंचायत मंगली के गांव अन्दवास में पहाड़ी दरकने से गांवों को खतरा उत्पन्न हुआ तथा कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा सुरक्षा हेतु क्या पग उठाए गए हैं; और

(ङ) इस निर्वाचन क्षेत्र में आपदा से कितना नुकसान हुआ, कितने गांवों को खतरा है व कितने भूस्खलन से प्रभावित हुए तथा सरकार द्वारा कितने लोगों को सहायता प्रदान की गई; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

----

## पट्टे पर भूमि

***3929 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा जो भूमि बागवानी विभाग को पट्टे पर दी गई है, बागवानी विभाग उस भूमि का उपयोग किस तरह के कार्य हेतु कैसे कर रहा है; ब्यौरा दें?

----

## सब्जी मण्डी द्रम्मण

***3930 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सब्जी मण्डी, द्रम्मण को वन मंजूरी (Forest Clearance) कब तक प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## प्रतिनियुक्ति

***3931 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति में आयुर्वेदिक विभाग के अंतर्गत कार्यरत कितने अधिकारी तथा कर्मचारी अन्य जिलों में प्रतिनियुक्ति पर हैं; नाम, पदनाम एवं तैनाती के स्थान का जिलावार ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3932 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने मैहतपुर पुलिस थाना व ऊना महिला थाना के भवनों के निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया है; यदि हां, तो कहां-कहां पर; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा इन थानों के भवनों के निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है; यदि हां, तो कितना; ब्यौरा कार्य को आरम्भ करने की तिथिवार दें; यदि नहीं, तो कारण एवं यह प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा?

----

## सड़क विस्तारीकरण

***3933 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू-कांसाकोटी-मचोती-समरकोट से सूंगरी तक सड़क जो लगभग 28 कि0मी0 है, क्या विभाग इस सड़क को चौड़ा करने व इसकी स्थिति में सुधार करने का विचार रखता है; ब्यौरा दें?

----

## धारा-118

***3934 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक धारा-118 के अंतर्गत वर्षवार कितने आवेदन प्राप्त हुए; कितनों को अनुमति दी गई तथा कितने अस्वीकृत हुए एवं कितने लंबित हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि धारा-118 के अंतर्गत दी गई अधिकांश अनुमतियां गैर-स्थानीय

व्यक्तियों तथा संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रयोजनों से संबंधित हैं; यदि नहीं, तो सरकार अनुमति प्राप्त करने वालों का नामवार, भूमि क्षेत्रफलवार, प्रयोजनवार एवं जिलावार ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि धारा-118 में अनुमतियों के संबंध में कोई प्रभावी पोस्ट-अप्रूवल ऑडिट तथा निरीक्षण की व्यवस्था नहीं है; यदि हां, तो अब तक पाए गए उल्लंघनों एवं की गई कार्रवाइयों का ब्यौरा दें?

----

## कुल्हाल—गिरी विद्युत प्रसारण लाइन

***3935 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि 132 के0वी0 कुल्हाल—गिरी विद्युत प्रसारण लाइन वर्तमान में निष्क्रिय/बंद पड़ी है; यदि हां, तो कब से बंद है तथा इसके बंद रहने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस विद्युत प्रसारण लाइन के अंतर्गत स्थापित अनेक टावरों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जिससे किसी संभावित दुर्घटना की आशंका बनी हुई है; इनके रख-रखाव, मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## स्कूल भवन

***3936 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने स्कूलों के भवन निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध करवाई गई; स्कूलवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में आपदा से किन-किन स्कूलों के भवन क्षतिग्रस्त हुए व इनके पुनर्निर्माण हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; स्कूलवार ब्यौरा दें?

----

## पर्वत-धारा योजना

***3937 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पर्वत-धारा योजना के अंतर्गत झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन रूक्मणी कुण्ड की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जनवरी, 2026 तक रूक्मणी कुण्ड हेतु आबंटित धनराशि का घटकवार ब्यौरा दें?

----

## विद्युत उप-केंद्र

***3938 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने विद्युत उप-केंद्र स्थापित हैं व इनकी क्षमता क्या है; सरकार क्षेत्र की आवश्यकता के मद्देनजर अन्य उप-केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें;

(ख) गत दो वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने की कितनी शिकायतें दर्ज हुईं; जर्जर लाइनों के प्रतिस्थापन हेतु क्या कार्रवाई हुई है तथा वर्ष 2023 व 2025 की बरसात से विभाग को किन-किन मदों में कितना-कितना नुकसान हुआ है; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल अनुमानित ऊर्जा खपत कितनी है; क्या वर्तमान में उपलब्ध करवाई जा रही ऊर्जा पर्याप्त है; उप-मंडलवार ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता

***3939 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ऐसी कितनी विधायक प्राथमिकता की योजनाएं हैं जिन्हें नाबार्ड से धनराशि प्राप्त हुई है परन्तु कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक विधायक प्राथमिकता की किन-किन योजनाओं (विधायक प्राथमिकता) को नाबार्ड से स्वीकृति मिली है तथा कितने कार्य प्रगति पर हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## पशु औषधालय, रेई

***3940 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पशु औषधालय, रेई में फार्मासिस्ट व चौकीदार का पद रिक्त है तथा वर्तमान में मिंधल से सप्ताह में केवल एक

दिन डेपुटेशन पर व्यवस्था की जा रही है; यदि हां, तो इन पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## भू-संरक्षण कार्यालय

***3941 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक उप-मण्डलीय भू-संरक्षण कार्यालय ऊना (उप-मंडल मृदा संरक्षण कार्यालय) द्वारा कितने कार्य करवाए गए; ब्यौरा कार्यों के नाम, व्यय धनराशि तथा स्थान सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें ?

----

## हैंडपंप

***3942 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष से दिनांक 31.01.2026 तक जिला कांगड़ा के विभिन्न उप-मंडलों से जल शक्ति विभाग को कितने मोटर युक्त व बिना मोटर के हैंडपंपों की स्थापना के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; ब्यौरा उप-मंडलवार दें;

(ख) इनमें से कितने हैंडपंपों की स्थापना होना शेष है तथा इन्हें कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; ब्यौरा स्थानवार दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा कितने ट्यूबवेल किस मद के अंतर्गत कहां-कहां स्थापित किए जा रहे हैं ब्यौरा दें; इन हैंडपंपों पर कितनी धनराशि किस मद के अंतर्गत व्यय की गई; ब्यौरा हैंडपंप लगाने के स्थान सहित दें?

----

## एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस

***3943 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग खंड सलूणी के चीहुगली से सगोटी तक प्रस्तावित सड़क परियोजना के लिए आवश्यक वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस की अद्यतन स्थिति क्या है; इस हेतु क्या प्रक्रियाएं पूर्ण की जा चुकी हैं एवं इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) सलूणी खंड में सरकार ग्राम पंचायत भांदल के गाँव मटीयूंड हेतु प्रस्तावित प्रियूंगल से मटीयूंड सड़क तथा भटोली से घंडेतरा हेतु सड़क निर्माण का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## नई पुलिस चौकी

***3944 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमगिरी में एक नई पुलिस चौकी खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## कूड़ा मैनेजमेंट प्लांट

***3945 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की नगर पंचायत में कूड़ा प्रबंधन संयंत्र को लगाने में कितनी लागत आ चुकी है तथा पट्टे मालिक को विभाग द्वारा कितने बिलों का भुगतान किया जा चुका है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** | **यशपाल शर्मा,**
**12 मार्च, 2026 .** | **सचिव**